# रणजीत टाइम्स

इंदौर
गुरुवार, 12 जून, 2025
वर्ष 01 | अंक 151 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# जिहादियों के खिलाफ फूटा दलितों का आक्रोश

exclusive









## जिहादियों से परेशान दलित बुजुर्ग ने कलेक्टर जनसुनवाई में पिया था एसिड


आदित्य शर्मा » रणजीत टाइम्स

सह. संपादक

8224951278


### दलित का शव रखकर किया गया चक्काजाम दलित नेता की समझाइश पर खुला हाइवे का चक्काजाम



देपालपुर (इंदौर)। कलेक्टर जनसुनवाई के दौरान ग्राम लीलेड़ीपूरा देपालपुर निवासी दलित बुजुर्ग करणसिंह कलमोदिया ने (इमरान, इब्राहिम, अकील, नवाब, मांगू) कट्टरपंथी जिहादीयों से प्रताड़ित होकर कल कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान एसिड पी लिया था। जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। उक्त घटना से आक्रोशित दलित समाज ने मृतक परिवार रिश्तेदारों और समाजजनों के साथ अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार के नेतृत्व में इंदौर अहमदाबाद हाईवे जाम कर दिया। पुलिस प्रशासन के लाख समझाने के बावजूद भी पीड़ित परिजन और समाजजन जाम खोलने को राजी नहीं थे।

यह देखकर पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए, ऐसी स्थिति में मौके पर मौजूद sdm RN त्रिपाठी, तहसीलदार लोकेश आहूजा, acp संघ प्रिय सम्राट, देपालपुर थाना प्रभारी रणजीत सिंह बघेल बेटमा ti मीना कर्णावत गौतमपुर थाना प्रभारी अरुण सिंह सोलंकी सहित कई पुलिस कर्मचारी आन्दोलनकारियो से समझाइश करते नजर आए परंतु मृतक परिवार मानने को तैयार नहीं थे। वे अपनी मांगों पर अड़े थे। उनकी मांग थी कि आरोपियों पर तत्काल fir दर्ज कर गिरफ्तारी करें।। आरोपियों के मकान जमींदोज करें।। तथा मृतक की जमीन पर सीमांकन कर विधिवत रूप से परिजनों को कब्जा दिया जाए।। इसी दौरान इन्दौर ग्रामीण sp हितिका वासल ने दलित नेता मनोज परमार से फोन पर चर्चा कर बताया कि करणसिंग ने कलेक्टर ऑफिस में एसिड पिया था इसलिए थाना पंढरीनाथ में fir दर्ज होगी, मर्ग कायम कर लिया गया है। आरोपी फरार है इसलिए जल्द से जल्द उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक बिना नोटिस किसी का भी मकान जमींदोज नहीं कर सकते इसलिए उन्हें १४८ का नोटिस जारी कर आरोपियों के मकान के दस्तावेज जांच कर कार्यवाही की जाएगी।। रही बात मृतक की जमीन की तो वह अभी हाल पुलिस प्रशासन के द्वारा मौके पर जाकर सीमांकन कर भूमि को परिजनों के सुपर्द किया जाएगा। उक्त आश्वासन के पश्चात् दलित नेता मनोज परमार ने परिजनों रिश्तेदारों और समाजजनों को समझाइश दी और हाइवे जाम खुलवाया। और मृतक का दाह संस्कार कर विवादित जमीन पर सीमांकन करने पहुंचे तो मालूम पड़ा कि यहां के ३ गांव, मोना, पूरा, लीलेडी, में मुस्लिम बाहुल्य होने के कारण यहां पर सर्वे क्रमांक ७५ की भूमि पर ४० से अधिक दलित समाज के लोगों की लगभग ८० बीघा जमीन पर जिहादियों का अवैध रूप से कब्जा है।

मौके पर मौजूद अधिकारियों ने सभी से मय दस्तावेज के सीमांकन के लिए आवेदन करने को कहा। और मृतक करण सिंह की जमीन का सीमांकन नपती कर विधिवत् तरीके से परिजनों को कब्जा सौप दिया।। इस मौके पर अखिल भारतीय बलाई महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय सोलंकी, महू अध्यक्ष निलेश चौहान, जीतू धानुक, सिद्धार्थ राठौर, कुलदीप सोलंकी, सौरभ कलमोदिया, गौरव कलमोदिया, धर्मेन्द्र मालवीय, राऊ अध्यक्ष जगदीश राजकमल, निमाड़ प्रभारी संतोष अलोने, लखन देपाले, मनावर अध्यक्ष भारत सोलंकी, आनन्द मालवीय, गोलू चौधरी, सुनीता ठाकुर, ऋषिता गुर्जर, अश्विनी सिरसाट, पायल विश्वकर्मा, सहित सैकड़ो की संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, गुरुवार 12 जून 2025


# मंदिर की भूमि पर

## भूमाफियाओं की नजर, ग्रामवासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### ग्राम रातिकिरार के ठाकुर जी रामजानकी हनुमान मंदिर की भूमि बचाने की लगाई गुहार



**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शिवपुरी। जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रातिकिरार के ग्रामीणों ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे और खुर्दबुर्द करने की कोशिशों के विरोध में ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने ठाकुर जी मंदिर, रामजानकी व हनुमान मंदिर की भूमि की सुरक्षा की मांग करते हुए भूमाफियाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया गया है कि उक्त मंदिर ग्राम का ऐतिहासिक व आस्था का केंद्र है। यह भूमि सर्वे क्रमांक 549/2 व 549/4 थी, जो बदोबस्त व पुनर्बदोबस्त के बाद वर्तमान में सर्वे क्रमांक 970 के नाम से दर्ज है। यह भूमि मंदिर की मानी जाती है और वर्षों से मंदिर के पुजारी द्वारा इसकी देखरेख की जा रही है। भूमि से होने वाली आय का उपयोग मंदिर की सेवा व धार्मिक आयोजनों में होता रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ भूमाफिया जिनमें अंगूरी देवी, रामेश्वर, महेश कुमार वर्मा, अरुण कुमार, कल्याण सिंह सहित अन्य लोग शामिल हैं। इस भूमि को खुर्दबुर्द कर विक्रय करने का प्रयास कर रहे हैं और कब्जा करने की नीयत से गतिवधियां कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस मंदिर से पूरे गांव की धार्मिक आस्था जुड़ी हुई है। यहां समय-समय पर धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन होते हैं। यदि इस भूमि पर कब्जा हुआ तो गांव में असंतोष फैल सकता है और गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि तहसीलदार को निर्देशित कर मंदिर की भूमि को सुरक्षित किया जाए, किसी भी प्रकार के अतिक्रमण या कब्जे की कोशिशों को रोका जाए और दोषियों पर आपराधिक कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने ज्ञापन के साथ मंदिर भूमि को लेकर पंचनामा भी प्रस्तुत किया। ज्ञापन में संतोष सिंह, लालाराम, सतेंद्र, रघु, अनिल, बनवारी, जगदीश, धाकड़ सहित अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर थे।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

# 'देवी भागवत पुराण' व 'ललिता सहस्त्रनाम' में वर्णित कुण्डलिनी शक्ति की अनुभूति करें सहजयोग से











प्रकृति व पुरुष की सृजनकर्ता आदिशक्ति त्रिगुणात्मिका हैं । वह चितरूपिणी महासरस्वती , सद्रूपिणी महालक्ष्मी और आनन्द रूपिणी महाकाली हैं परमपूज्य श्रीमाताजी निर्मलादेवी आदिशक्ति भगवती का अवतार है । आज सहजयोग को 'महायोग' और श्रीमाताजी को महाअवतरण कहा जाता है , क्योंकि उन्होंने मानव के विकास को अगले चरण में पहुँचाकर साक्षात्कार की प्रक्रिया को सहज सुलभ बना दिया, क्रमिक उत्क्रांतिवाद की परम्परा में अमीबा से मानव का विकास होने के बाद भी मनुष्य के केवल तीन आयाम सार्वजनिक रूप से होते थे, जिसे दैहिक, दैविक और भौतिक या स्वप्न जागृती और सुषुप्ति कहा गया वैदिक काल में ऋषि मुनियों ने अध्यात्म की खोज कर आत्मा को खोज निकाला, जिसका वर्णन सारे वेद पुराण और उपनिषद् कर रहे हैं, आज सहजयोग में जब हम विनम्रतापूर्वक अपना आत्मसाक्षात्कार मांगते हैं, तो हमारे पिंड में स्थित कुंडलिनी शक्ति उर्ध्वगामी होकर हमें तत्क्षण निर्विचार समाधी प्रदान करती है, और हमारे ब्रह्मरंध्र से और हाथों की उंगलियों के पोरों से शीतल चैतन्य लहरीयां निसृत होती हैं, इस प्रक्रिया के दौरान साधक की आत्मा प्रकाशित होती है, और वह साधक अपनी अध्यात्मिक यात्रा पर अग्रसर होता है । प्रकाशित आत्मा और चित्त के प्रकाश में वह साधक अंतर्वलोकन कर धीरे-धीरे अपने षड् रिपुओं को काबू में कर सहज समाधी में लीन होकर आत्मानंद प्राप्त करता है । 'देवी भागवत पुराण' में श्री मार्कण्डेय ऋषि हमें बताते हैं कि आप शक्ति को इस बात से पहचान सकते हैं कि उस शक्ति की उपस्थिती में साधक की कुण्डलिनी शक्ति का जागरण होता है, ५ मई १९७० तक यह एक रहस्य था सच तो यह है कि २१ वीं सदी के आधुनिक युग में जो आश्चर्यजनक अनुभव हमें हो रहे हैं, इनमें पुराने ग्रंथों का प्रासंगिक महत्व प्रकट हुआ है । उदाहरणार्थ 'श्री ललिता सहस्त्रनाम' मंत्रो का संदर्भ लिया जा सकता है , देवी के १००० नामों में से एक नाम 'कुण्डलिनी' है । इसका अर्थ यह हुआ कि वे हर व्यक्ति के अंदर सुप्तावस्था में, त्रिकोणाकार अस्थि में सर्प के समान कुंडल के रूप में विद्यमान रहती हैं। वे 'सहस्त्रदल पदमस्थ' भी कहलाती है , अर्थात मस्तिष्क के ऊपर एक हजार दल में विराजित, अलग-अलग स्थिति के अनुसार अलग - अलग नाम हैं , जिससे हमें स्मरण होता है कि वे अपने भक्तों पर कृपा करनेवाली, मुक्ति का आनंद देनेवाली, मोक्षदायिनी, मुक्तिदायिनी हैं। वह कुण्डलिनी के रूप में सहस्त्रार तक जागृत होकर अपने बच्चों को अध्यात्मिक जन्म प्रदान करती हैं । इस पावन ग्रंथ में देवी हिमालय से कहती हैं ,मुझमें व कुण्डलिनी में कोई अंतर नहीं है । सहस्त्रार ही योग का पूर्ण व उत्तम लक्ष्य है । जब शिव व शक्ति का मिलन होता है ,तब अमृत बहता है तथा यह चक्रों के देवताओं को पोषित करता है, परमपूज्य श्री माताजी कहते है कि हम शक्ति के पुजारी है , शाक्त धर्मी है । इस आदि शक्ति का अवतरण अनेक बार इस पृथ्वी पर हुआ। इस बार आदि शक्ति को 'महामाया' का रूप लेना पड़ा , जिसमें सारी शक्ति का समन्वय है। एक बड़ा गहरा और सूक्ष्म काम इस महामाया को करना था, वह था सामूहिक चेतना की जागृति। श्री माताजी जी ने पूरे विश्व में लाखों लोगों को आत्मसाक्षात्कार प्रदान कर इसे संभव किया। आप भी इस अमृतमयी आत्मसाक्षात्कार का पान कर सकते है । नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 या वेबसाइट www.sahajayoga.org.in से प्राप्त करें।

# श्री विमल सामाजिक समिति द्वारा राजवाड़ा पर मास्क और सेनीटाइजर का वितरण किया



**दैनिक रणजीत टाइम्स**

इंदौर। श्री विमल सामाजिक समिति द्वारा आज इंदौर के हृदय स्थल राजवाड़ा पर जनहित में मास्क और सैनिटाइजर का निशुल्क वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष श्रीमती योगिता सक्सेना ने बताया कि इस जन सेवा का उद्देश्य स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। गर्मी और संक्रमण के इस मौसम में आम नागरिकों की सुरक्षा आवश्यक है। समिति के स्वयंसेवक को द्वारा सैकड़ो लोगों को मास्क पहनने और हाथ सैनिटाइजर करने के तरीके समझाए गए इस अवसर पर समिति अध्यक्ष श्रीमती योगिता सक्सेना सचिव हर्ष सक्सैना उपाध्यक्ष श्रीमती दुर्गा यादव सहसचिव माधुरी सोलंकी मुख्य रूप से उपस्थित थी

**रणजीत टाइम्स-अनिल चौधरी**


कपिल शर्मा
प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

इन्दौर -अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा, प्रदेश सभा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुदयाल जांगिड (बरनेला) ने समाज के युवाओ को समाज सेवा से जोड़ने के लिए कर्मठ, मिलनसार,झुझारु भा.ज.पा. के मडंल अध्यक्ष कपिल शर्मा इन्दौर को युवा प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया। कपिल शर्मा ने समाज के प्रत्येक समाज बंधुओ एव युवाओ को साथ लेकर समाज को प्रत्येक क्षेत्र मे आगे लाने का आश्वासन दिया उपस्थित समाज बंधुओ ने कपिल शर्मा का भव्य स्वागत किया।

## "MFIN द्वारा थांदला, झाबुआ में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का सफल आयोजन"

**झाबुआ : राजेश सोनी**

झाबुआ, मध्यप्रदेश – माइक्रोफाइनेंस इंडस्ट्री नेटवर्क (MFIN), जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा मान्यता प्राप्त एनबीएफसी-एमएफआई (NBFC-MFI) के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का स्व-नियामक संगठन है, ने झाबुआ जिले के थांदला नगर पालिका भवन में एक वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय, विशेष रूप से महिलाओं को, वित्तीय विषयों पर जागरूक और सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता के निम्न बिंदुओं पर जानकारी दी गई: बचत और निवेशः सुरक्षित और योजनाबद्ध निवेश के विकल्पों की जानकारी।

ऋण प्रबंधनः सही तरीके से ऋण लेने और समय पर चुकाने के लिए मार्गदर्शन। बजट बनानाः घरेलू बजट तैयार करना और खर्चों पर नियंत्रण रखना। बीमा जागरूकताः विभिन्न बीमा योजनाओं की उपयोगिता और लाभ। धोखाधड़ी से सुरक्षाः वित्तीय ठगी से बचाव के लिए जरूरी सावधानियाँ। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री धीरज सोनी (रीजनल हेड, MFIN) ने किया। उन्होंने कहा, "वित्तीय साक्षरता हर व्यक्ति के जीवन में आवश्यक है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम लोगों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सहयोग कर रहे हैं।" उन्होंने बताया कि झाबुआ जिले में कुल 35 अधिकृत माइक्रोफाइनेंस कंपनियाँ कार्यरत हैं, जो RBI द्वारा विनियमित हैं। श्री सोनी ने यह भी चेतावनी दी कि क्षेत्र में कुछ अनधिकृत लोग लोन माफी जैसा भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं और लोगों को ऐसे तत्वों से सतर्क रहने की सलाह दी।

किसी भी समस्या या शिकायत के लिए ग्राहक अपने लोन कार्ड में दिए गए "ग्राहक शिकायत निवारण नंबर" या MFIN के टोल-फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। मुख्य अतिथि एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी सुनील पंडा ने अपने वक्तव्य में कहा, "महिलाओं को जरूरत के अनुसार ही ऋण लेना चाहिए और समय पर उसका भुगतान करना चाहिए। यह कार्यक्रम निश्चित रूप से समाज को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है।" विशेष अतिथि पार्षद श्री समर्थ उपाध्याय ने उपस्थित महिलाओं से अपने क्रेडिट रिकॉर्ड को बेहतर बनाए रखने की अपील की ताकि भविष्य में उन्हें ऋण लेने में कोई कठिनाई न हो। क्षेत्रीय पार्षद श्री जगदीश प्रजापत ने साइबर सुरक्षा और कमीशन एजेंटों द्वारा की जाने वाली धोखाधड़ी से बचने के लिए विशेष रूप से आदिवासी समुदाय को जागरूक किया। यह कार्यक्रम लाइट माइक्रोफाइनेंस के सहयोग से आयोजित किया गया, और स्थानीय जनता ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### इंदौर के कनाडिया थाना क्षेत्र में लव जिहाद का मामला

# यूसुफ खान बना मुकेश

**महिला से धोखा देकर धर्मांतरण का दबाव**

**राजेश धाकड़**

इंदौर के कनाडिया थाना क्षेत्र में लव जिहाद का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने नाम बदलकर एक हिंदू युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया। आरोपी यूसुफ खान ने खुद को 'मुकेश' बताकर पहले दोस्ती की, फिर शादी का झांसा देते हुए शारीरिक संबंध बनाए और नौकरी दिलाने का लालच भी दिया। पीड़ित महिला को जब आरोपी की असलियत का पता चला कि वह हिंदू नहीं बल्कि मुस्लिम है, तब उसने विरोध किया। आरोप है कि इसके बाद यूसुफ ने न केवल



पीड़िता के साथ मारपीट की, बल्कि उस पर जबरन धर्म परिवर्तन का भी दबाव बनाने लगा। महिला ने बताया कि उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के हिंदूवादी नेता मानसिंह राजावत, अंकित विश्वकर्मा, कपिल कौशल, उदय सिलावट और राहुल पुरी आदि सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पीड़िता के साथ कनाडिया थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। वहीं, सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। यह घटना प्रदेश में लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों की कड़ी में एक और गंभीर उदाहरण है, जिससे समाज में चिंता का माहौल है।

# भीषण गर्मी से बेहाल इंदौर, 14 जून से मानसून की पहली दस्तक की संभावना

इंदौर। प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर जारी है। इंदौर, उज्जैन, खरगोन, और देवास सहित आसपास के जिलों में दिन का तापमान लगातार 41–43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) के अनुसार, आगामी 13 जून तक तापमान में कोई खास गिरावट की उम्मीद नहीं है, जिससे जनजीवन पूरी तरह गर्म हवाओं और उमस से जूझ रहा है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि 14–16 जून के बीच मानसून की पहली बौछार इंदौर सहित मध्य भारत के कुछ हिस्सों में दर्ज हो सकती है, जिससे गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

अभी के लिए अलर्टः दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक हीटवेव अलर्ट जारी किया गया है। बुजुर्ग, बच्चे और मजदूर वर्ग को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। ORS, नींबू पानी, छाछ और हल्के सूती कपड़ों का उपयोग करें।



मानसून की तैयारी में जुटे किसानः कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि वे मानसून पूर्व जल निकासी व्यवस्था, जैविक खाद का छिड़काव और बीज तैयार रखने की योजना बनाएं। मानसून की देरी से धान और तिलहन फसलें प्रभावित हो सकती हैं, इसलिए तेज बारिश से पहले खेतों की मेंटेनेंस पर जोर देने की सिफारिश की गई है

जनता से अपीलः नगर निगम और बिजली विभाग द्वारा नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि संभावित तेज बारिश और आंधी के पहले घर की छतों, नालियों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच कर लें।

# जब महत्वाकांक्षा अपराध में बदल जाए...

## "बेटियों को बम नहीं, संस्कार दीजिए।"

गोपाल गावंडे » रणजीत टाइम्स

**प्रधान संपादक**

आज के दौर में जब हम बेटियों की आज़ादी, आत्मनिर्भरता और समानता की बात करते हैं, वहीं कुछ घटनाएं हमें झकझोर देती हैं। उत्तर प्रदेश की सोनम रघुवंशी प्रकरण भी एक ऐसी ही भयावह सच्चाई को उजागर करता है — जब प्यार, महत्वाकांक्षा और आधुनिकता की परिभाषा में नैतिकता गुम हो जाती है। मेघालय में हुए पति राजा रघुवंशी की हत्या और सोनम की ग़ायबगी को लेकर देशभर की संवेदनाएं जागीं थीं। लेकिन सच्चाई इससे कहीं ज़्यादा काली और खौफ़नाक निकली। जांच में यह सामने आया कि सोनम ही अपने पति की हत्या की साजिशकर्ता थी, जिसने न सिर्फ पति की हत्या करवाई, बल्कि खुद को भी 'लापता' दिखाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से अपने कपड़े और सामान घटनास्थल पर फेंक दिए।

यह घटना सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि उस गिरते सामाजिक और पारिवारिक ढांचे की ओर संकेत करती है, जहां रिश्तों को अब समझदारी से नहीं, सुविधा से जोड़ा जाता है। जहां विवाह अब एक बंधन नहीं, एक सौदा बनता जा रहा है। और इसमें पुरुष और महिलाएं दोनों की ही जिम्मेदारी बनती है। महत्वकांक्षा जब विकृति बन जाए... बेटियों को सपने देखने से कौन रोक सकता है? लेकिन जब उन सपनों की नींव ही झूठ, छल और स्वार्थ पर हो, तो उनका अंत अपराध में होता है। यह जिम्मेदारी मां-बाप की भी है कि वे केवल स्वतंत्रता नहीं, संस्कार भी दें। बेटियों को आत्मनिर्भर तो बनाएं, लेकिन संवेदनशील भी बनाएं। नारीवाद का गलत चेहरा नहीं, गलत इस्तेमाल पहचानिए यह नारीवाद नहीं कि कोई स्त्री झूठे मामलों में पुरुषों को फंसाए, या हत्या जैसी साजिशें रचे। ऐसे मामलों को नारी सशक्तिकरण से जोड़ना भी सही नहीं। गलत को गलत और अपराध को अपराध ही कहा जाना चाहिए — चाहे वह महिला करे या पुरुष। समाज को अब सजग होना होगा आज की डिजिटल दुनिया में 'रिलेशनशिप' केवल स्टेटस बनकर रह गए हैं। 'प्यार' की जगह 'डील' ने ले ली है। यह चेतावनी है हर उस व्यक्ति के लिए जो आंख मूंदकर रिश्तों पर विश्वास करता है — अब सतर्क रहिए।

निष्कर्षः- सोनम रघुवंशी का मामला हमें सिखाता है कि केवल बेटी को आधुनिक बनाना काफी नहीं, उसे नैतिक, जिम्मेदार और संवेदनशील बनाना भी जरूरी है। जिस समाज में चरित्रहीनता को अपराध नहीं माना जाएगा, वहां ऐसे अपराध दोहराए जाएंगे। आइए, बेटियों को 'बम' नहीं, 'संस्कार' और आत्मबल दें — ताकि वे परिवार की नींव बनें, उसका विस्फोट नहीं।



रणजीत टाइम्स संपादकीय टीम

# "सोनम रघुवंशी कांडः रिश्तों के नाम पर धोखा, लालच और हत्या की घातक साजिश"

कभी घर को स्वर्ग कहा जाता था। रिश्ते विश्वास की नींव पर टिके होते थे और शादी जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य मानी जाती थी। लेकिन हालिया सोनम रघुवंशी हत्याकांड ने इन मूल्यों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## एक मासूम हनीमून, एक निर्दयी साजिश

राजा रघुवंशी को क्या पता था कि उनका हनीमून ही उनकी जिंदगी का आखिरी सफर बन जाएगा। मेघालय की वादियों में जहां वह अपने नए जीवन की शुरुआत करने गए थे, वहीं उनकी हत्या की गई। और सबसे हैरान करने वाली बात – इस हत्या की साजिश रचने वाली कोई और नहीं, बल्कि उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी थी।


## प्रेम या लालच?

सोनम ने पहले अपने बैंक अकाउंट से 9 लाख रुपये निकाले, फिर अपने बॉयफ्रेंड और हत्यारों के साथ मिलकर पति की हत्या की योजना बनाई। मेघालय पुलिस ने खुलासा किया है कि उसने 50,000 रुपये की सुपारी देकर हत्या करवाई और खुद को लापता दिखाने के लिए कपड़े और सामान घटनास्थल पर छोड़ दिए।

## आधुनिकता या नैतिक पतन?

सवाल सिर्फ हत्या का नहीं है, सवाल यह है कि कैसे एक लड़की अपनी महत्वाकांक्षा, लालच और अय्याशी के लिए एक मासूम इंसान की जान ले सकती है? क्या यह वही 'स्वतंत्रता' है जिसकी आज की पीढ़ी बातें करती है? सोशल मीडिया, रील्स और आभासी दुनिया की चकाचौंध में क्या इंसानियत, रिश्तों की पवित्रता और संस्कारों की बुनियाद खोती जा रही है?

कानून और समाज की जिम्मेदारी



सोनम के भाई ने खुद इस साजिश को घिनौना बताते हुए उसे फांसी की सजा की मांग की है। यह बताता है कि जब अपराध अपनी सीमा लांघ जाए, तब खून के रिश्ते भी न्याय के पक्ष में खड़े हो जाते हैं। यह कांड केवल राजा की मौत नहीं, पूरे समाज की चेतावनी है कि आंख बंद करके किसी पर भरोसा करना अब आत्मघाती हो सकता है।

सबक क्या है? हर रिश्ता केवल प्यार और दिखावे से नहीं चलता, उसमें भरोसे और चरित्र की कसौटी जरूरी है। आधुनिकता के नाम पर नैतिकता की हत्या अब फैशन बनता जा रहा है। बेटियों को आज़ादी के साथ-साथ जिम्मेदारी और चरित्र की भी शिक्षा देना जरूरी है। और सबसे जरूरीः शादी अब केवल रिश्तेदारों के बीच नहीं, जांच और विवेक से होनी चाहिए। आज सवाल सिर्फ सोनम पर नहीं, पूरे समाज पर है। अगर हम आज नहीं जागे, तो कल और भी राजाओं की हत्या होगी – और हत्यारे होंगे वे, जिनके साथ हमने सबसे ज़्यादा विश्वास किया था।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत सिंहासा बैठक का आयोजन किया गया

ग्राम पंचायत के किसानों को आगामी फसल सोयाबीन के बारे में बताया गया की आपको अच्छी किस्म की बीज डालना चाहिए जिसके आपका उत्पादन बड़े एवं समय-समय पर रोग उपचार के लिए दवाइयां बताई गई किसान भाइयों को बताया गया कि किस प्रकार वैज्ञानिक खेती को उसे करके अपनी उत्पादन और अपनी आय को बढ़ा सकते हो जिसमें ग्राम पंचायत सिंहासा के किसान सरपंच नारायण सिंह चौहान कृषि अधिकारी नितिन पंचनानी डॉक्टर अल्पना राजपूत एवं उनकी टीम द्वारा बताया गया कि किस प्रकार से आप खेती को टेक्निकल तरीके से करके अपनी उत्पादन और आई को दोगुना कर सकते हैं।






शिलॉग, मेघालयः

राजा रघुवंशी हत्या मामले में शामिल 4 अन्य आरोपियों की तस्वीर सामने आई है।

# कड़वा सत्य

## राजा रघुवंशी मर्डर केस पर समाज का मौन क्यों?



**राजेश धाकड़**

मेघालय, शिलांग में इंदौर निवासी राजा रघुवंशी की हत्या — जिसे 'हनीमून मर्डर केस' कहा जा रहा है — आज भी हमारे समाज के पाखंडी रवैये को उजागर करता है। जब इस हत्या की परतें खुलीं और सच्चाई सामने आई, तब न कोई कैंडल मार्च हुआ, न सोशल मीडिया पर इंसाफ की मुहिम, न ही नेताओं ने बयान दिए। क्यों? क्योंकि मरने वाला एक लड़का था। कल्पना कीजिए, यदि राजा की जगह कोई सोनम रघुवंशी होती और राजा ने उसका कत्ल किया होता — तो पूरा शहर, शायद पूरा देश सड़कों पर उतर आता। महिला संगठनों से लेकर राजनीतिक दल तक 'इंसाफ दो' की आवाज बुलंद कर रहे होते, मोमबत्तियाँ जलतीं, आरोपियों के मकान तोड़े जाते और फांसी की मांग होती। लेकिन जब पीड़ित एक बेटा है — राजा रघुवंशी — तब न समाज जागा, न शासन।

क्या राजा किसी का बेटा नहीं था?

क्या राजा किसी का भाई नहीं था?

क्या उसे इंसाफ नहीं मिलना चाहिए?

अब जब हत्याकांड की सच्चाई सामने है, तो मैं सरकार और विशेष रूप से मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव से आग्रह करता हूँ:

राजा रघुवंशी के हत्यारों — सोनम रघुवंशी, राज कुशवाहा, विशाल, आकाश राजपूत और अन्य — को सख़्त से सख़्त सजा दी जाए, और इनके घरों पर बुलडोजर कार्यवाही की जाए। सरकार से एक और निवेदनः बेटियाँ बहुत बचा लीं, अब बेटों को भी बचाइए। हर जीवन की कीमत बराबर हो — चाहे वो बेटी का हो या बेटे का।

# आपरेशन सिंदूर में भाग लेने बाले फौजी भगवान सिंह लोधी को विधायक ने किया सम्मानित

**दैनिक रणजीत टाइम्स -जगदीश पाल**

पिछोर( शिवपुरी) पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर में विधानसभा क्षेत्र पिछोर के ग्राम पंचायत मुहारी कलां के रहने वाले भगवान सिंह लोधी (फौजी, पंजाब बॉर्डर) को पिछोर रेस्ट हाउस पर सम्मानित किया गया! गतदिवस ऑपरेशन सिंदूर में भगवान सिंह लोधी हवलदार (फौजी)पंजाब बॉर्डर के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुये,अपने गृह ग्राम में आने पर उन्होंने बताया कि मेरे परिवार के दो बालक हैं दोनों ही बालक देश की सेवा में समर्पित हैं मेरा बड़ा लड़का सोभरन सिंह जो कि एयर फोर्स में श्रीनगर में पदस्थ है तथा छोटा लड़का सज्जन सिंह जो की नेंवी गुजरात जामनगर में है! परिवार के हम तीनों सदस्यों ने ऑपरेशन सिंदूर में बॉर्डर पर रहकर अपनी भूमिका निभाई है! विधायक द्वारा फौजी भगवान सिंह लोधी को सम्मानित करते हुए कहा कि आप जैसे लोगों की बदौलत ही देश की सुरक्षा कायम है! और हमारे देश के दुश्मन भी हमारे देश में घुसने में नाकाम रहते हैं! इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित रमेश शर्मा उपस्थित थे!



# भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश शासन के मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में प्रोफेशनल मीट को किया संबोधि




इंदौर,। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री श्री दुष्यंत गौतम, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश शासन के मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पर आयोजित प्रोफेशनल मीट को संबोधित किया। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री दुष्यंत गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होगा। प्रधानमंत्री जी ने देश की राजनीति से भ्रष्टाचार और परिवारवाद को समाप्त करने का कार्य कर रहे हैं। मोदी जी का नेतृत्व भारत को हर क्षेत्र में वैश्विक रूप से पहचान और सम्मान दिला रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दुनिया का विश्वास जीतने का कार्य किया और राजनीति में नई संस्कृति विकसित की है। वे आत्मनिर्भर व विकसित भारत के संकल्प को पूरा कर रहे हैं। प्रदेश शासन के मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने अर्थव्यवस्था को गति देने का कार्य किया। वर्ष 2014 से पहले बैंकों का एनपीए 42 प्रतिशत था, आज सिर्फ 2.6 प्रतिशत रह गया है। वर्ष 2014 से पहले 90 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात करते थे, आज 70 प्रतिशत रक्षा उपकरण देश में बना रहे हैं।

गौरवशाली और वैभवशाली भारत बनाने के लिए मोदी जी को और मजबूत बनाएं-श्री दुष्यंत गौतम भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री दुष्यंत गौतम ने कहा कि आजादी के बाद वर्षों तक देश में शासन करने वाली पार्टी की नीतियों और कार्यों से जम्मू-कश्मीर से करीब पांच लाख हिंदू पलायन कर गए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देशवासियों में राष्ट्रवाद की भावना जागृत की, सेनाओं को सशक्त किया, इसका परिणाम यह है कि अलगाववादी बातें करने वाले लोग भी आज तिरंगे के नीचे खड़े होकर वंदे मातरम् का गायन करने लगे हैं। पहले भारतीय राजनीति में भ्रष्टाचार और परिवारवाद चरम पर था। प्रधानमंत्री जी ने राजनीति से भ्रष्टाचार और परिवारवाद को समाप्त कर रहे हैं। पहले दुनिया के लोग भारत को कमजोर और गरीब देश के रूप में देखते थे। आज विश्व भर के देशों का भारत के प्रति नजरिया बदला और लोग भारत को सम्मानजनक देश के रूप में देखने लगे हैं। प्रधानमंत्री जी ने देश की सेनाओं को खुली छूट दी, सेनाओं को सशक्त किया। देश को आत्मनिर्भर बनाने के साथ वर्ष 2047 तक देश को विकसित और विश्वगुरू बनाने की दिशा में तेजी से आगे ले जा रहे हैं। पहले देश में टुकड़े-टुकड़े गैंग बहुत सक्रिय था। अलगाववाद, नक्सलवाद और आतंकवाद की गतिविधियां होती रहती थी, लेकिन प्रधानमंत्री जी के कार्यों और नीतियों से नक्सलवाद और आतंकवाद को लगभग समाप्त कर दिया है। यह नए भारत की ताकत है कि प्रधानमंत्री जी 21 जून को योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेते हैं तो दुनिया के 145 देश श्री मोदी जी पीछे खड़े होकर योग करते है। कांग्रेस कहती थी कि राम काल्पनिक हैं, उनके अस्तित्व को नकारती थी। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के लिए 500 वर्षों तक संघर्ष चला। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी, इसके बाद अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर तैयार हो गया है और रामलला अयोध्या में विराजमान हैं। श्री मोदी जी ने देश की जनता में आशा जगाई और उसी का परिणाम है कि भारत हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और आमजन में 2047 तक विकसित भारत बनने की उम्मीद जगी है।

प्रधानमंत्री जी भ्रष्टाचार और परिवारवाद मुक्त भारत बन रहे हैं-श्री विष्णुदत्त शर्मा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश की राजनीति से भ्रष्टाचार और परिवारवाद को समाप्त करने के लिए कार्य कर रहे हैं। भारत की राजनीति को भ्रष्टाचार और परिवारवाद मुक्त बना रहे हैं। 2014 से पहले जब नेता शब्द आता था तो लोग उसका संबंध नेताजी सुभाषचंद्र बोस से करते थे या फिर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के लिए करते थे। 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जब देश की बागडोर संभाली और सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के कार्यों के साथ देश को हर क्षेत्र में आगे ले जाने का कार्य किया, और दुनिया का विश्वास जीतने का काम किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए आप सभी लोगों जैसे प्रोफेशनल्स को अपने कार्यों के साथ देश व समाज के लिए आगे आना होगा, तभी यह संकल्प पूरा होगा। प्रोफेशनल्स को सक्रिय राजनीति में लाकर देश व समाज की सेवा के कार्य कैसे किए जाते हैं, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण इंदौर है। इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एक युवा प्रोफेशनल्स ही थे, जो समाज की सेवा के लिए सक्रिय राजनीति में आए हैं। इसी तरह आप में से कोई भी प्रोफेशनल्स आने वाले दिनों में किसी भी भूमिका में आ सकता है। प्रधानमंत्री जी किस प्रकार से देश को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहे हैं, यह केंद्र सरकार की योजनाओं और नीतियों से स्पष्ट रूप से पता चलता है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत अब नया भारत बनकर तेजी से उभरा है। अब पाकिस्तान के अंदर घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियान सफलतम पूरे कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री जी की नीतियों से इंदौर, मध्यप्रदेश और देश मुस्कुरा रहा है- श्री कैलाश विजयवर्गीय प्रदेश शासन के मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में इंदौर मुस्कुरा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी प्रधानमंत्री जी की एक नीति से इंदौर को करीब दो हजार छह सौ करोड़ से अधिक मिले हैं। सभी योजनाओं को जोड़ लिया जाए तो प्रधानमंत्री जी की नीतियों से इंदौर को पांच हजार करोड़ रूपए मिले हैं। यह पैसा इंदौर में ही खर्च हुआ, इंदौर की अर्थव्यवस्था को गति दी। इसी पैसे से आज इंदौर मुस्कुरा रहा है। इसी तरह प्रधानमंत्री जी की नीतियों से मध्यप्रदेश और देश भी विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और मुस्कुरा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश की अर्थव्यवस्था को किस प्रकार से गति दी है, उसको इस तरह से समझते हैं। वर्ष 2014 से पहले देश के बैंकों का कुल एनपीए 42 प्रतिशत था। 2014 के बाद मोदी जी ने देश की अर्थव्यवस्था को इस तरह से आगे बढ़ाया कि आज बैंकों का एनपीए सिर्फ 2.6 प्रतिशत ही रह गया है। कोरोना काल के बाद विश्व के लगभग सभी बड़े देशों की अर्थव्यवस्था गिरी है, लेकिन मोदी जी की नीतियों के कारण हमारे देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ती चली गई। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है।

मंच संचालन श्री हरप्रीत सिंह बख्शी ने किया एवं आभार श्रीमती दीप्ति हाडा ने माना।

इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, वरिष्ठ नेता श्री कृष्णमुरारी मोघे, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री जीतू जिराती, संभाग प्रभारी श्री राघवेंद्र गौतम, प्रदेश महामंत्री व सांसद सुश्री कविता पाटीदार, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा, विधायक श्री महेंद्र हार्डिया, श्री रमेश मेंदोला, श्रीमति मालिनी गौड़, श्री गोलू शुक्ला, श्री जयपाल सिंह चावड़ा, श्री श्रवण सिंह चावड़ा, श्री बाबूसिंह रघुवंशी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्री दीपक जैन टीनू, श्री हरिनारायण यादव, श्री मुन्नालाल यादव, श्री सूरज कैरो, श्रीमती अंजू माखीजा, श्री घनश्याम शेर, श्रीमती सविता अखंड, श्री सुधीर कोल्हे, श्री अक्षय कांति बम मंचासीन रहे।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य द्वारा वन स्टॉप सेंटर इंदौर का निरीक्षण किया गया

रणजीत टाइम्स-अनिल चौधरी




हिंसा पीड़ित महिलाओं को 24 घंटे सहायता प्रदान करने के लिए संचालित महिला बाल विकास विभाग का एक कार्यालय वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीय सदस्य श्रीमती अर्चना मजूमदार जी मुराई मोहल्ला, छावनी का दौरा किया।

वन स्टॉप सेंटर के लाभार्थियों से समक्ष में चर्चा की। परामर्श एवं कथन की कार्यवाही चल रही थी ,तो प्रकरण को समझा और उस पर आगामी कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। समस्त पंजीयों का अवलोकन किया, मिशन शक्ति के समस्त घटकों की जानकारी ली गई। जागरूकता कार्यक्रम हेतु अनेक सुझाव दिए गए । वन स्टॉप सेंटर के सुचारू संचालन एवं व्यवस्थाओं से खुश हुई। समस्त स्टॉफ से चर्चा उपरांत सभी को शुभकामनाएं दी।जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा सर के नेतृत्व में , सहायक संचालक जय श्रीवास्तव वन स्टॉप सेंटर प्रशासक डॉक्टर वंचना सिंह परिहार, सामाजिक कार्यकर्ता साइकोलॉजिस्ट श्रीमती नीलम सिन्हा एवं वन स्टॉप सेंटर की पूरी टीम उपस्थित रही ।

# "MFIN द्वारा थांदला, झाबुआ में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का सफल आयोजन"







**झाबुआ : राजेश सोनी**

झाबुआ, मध्यप्रदेश – माइक्रोफाइनेंस इंडस्ट्री नेटवर्क (MFIN), जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा मान्यता प्राप्त एनबीएफसी-एमएफआई (NBFC-MFI) के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का स्व-नियामक संगठन है, ने झाबुआ जिले के थांदला नगर पालिका भवन में एक वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय, विशेष रूप से महिलाओं को, वित्तीय विषयों पर जागरूक और सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता के निम्न बिंदुओं पर जानकारी दी गई:

बचत और निवेश: सुरक्षित और योजनाबद्ध निवेश के विकल्पों की जानकारी। ऋण प्रबंधन: सही तरीके से ऋण लेने और समय पर चुकाने के लिए मार्गदर्शन।

बजट बनाना: घरेलू बजट तैयार करना और खर्चों पर नियंत्रण रखना।

बीमा जागरूकता: विभिन्न बीमा योजनाओं की उपयोगिता और लाभ।

धोखाधड़ी से सुरक्षा: वित्तीय ठगी से बचाव के लिए जरूरी सावधानियाँ।




कार्यक्रम का उद्घाटन श्री धीरज सोनी (रीजनल हेड, MFIN) ने किया। उन्होंने कहा, "वित्तीय साक्षरता हर व्यक्ति के जीवन में आवश्यक है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम लोगों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सहयोग कर रहे हैं।" उन्होंने बताया कि झाबुआ जिले में कुल 35 अधिकृत माइक्रोफाइनेंस कंपनियाँ कार्यरत हैं, जो RBI द्वारा विनियमित हैं। श्री सोनी ने यह भी चेतावनी दी कि क्षेत्र में कुछ अनधिकृत लोग लोन माफी जैसा भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं और लोगों को ऐसे तत्वों से सतर्क रहने की सलाह दी। किसी भी समस्या या शिकायत के लिए ग्राहक अपने लोन कार्ड में दिए गए "ग्राहक शिकायत निवारण नंबर" या MFIN के टोल-फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। मुख्य अतिथि एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी सुनील पंडा ने अपने वक्तव्य में कहा, "महिलाओं को जरूरत के अनुसार ही ऋण लेना चाहिए और समय पर उसका भुगतान करना चाहिए। यह कार्यक्रम निश्चित रूप से समाज को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है।" विशेष अतिथि पार्षद श्री समर्थ उपाध्याय ने उपस्थित महिलाओं से अपने क्रेडिट रिकॉर्ड को बेहतर बनाए रखने की अपील की ताकि भविष्य में उन्हें ऋण लेने में कोई कठिनाई न हो। क्षेत्रीय पार्षद श्री जगदीश प्रजापत ने साइबर सुरक्षा और कमीशन एजेंटों द्वारा की जाने वाली धोखाधड़ी से बचने के लिए विशेष रूप से आदिवासी समुदाय को जागरूक किया। यह कार्यक्रम लाइट माइक्रोफाइनेंस के सहयोग से आयोजित किया गया, और स्थानीय जनता ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे रेत, गिट्टी, मुरुम के अवैध भंडारण एवं परिवहन पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई

**संदीप वाईकर बैतूल**

कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत खनिज विभाग द्वारा जिले के अलग-अलग स्थानों पर विगत चार दिवसों में लगातार बड़ी कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 जून को रेलवे कंपनी द्वारा बिना अनुमति के रेत और गिट्टी खनिजों के अवैध भंडारण किए जाने की शिकायत पर संयुक्त रूप से खनिज एवं राजस्व अमले के द्वारा ग्राम पंचायत मरामझिरी के सरपंच एवं भूमि स्वामी की उपस्थिति में भंडारण स्थल की जांच की गई। मौका निरीक्षण करने पर पाया गया कि ग्राम मरामझिरी स्थित निजी भूमि खसरा क्रमांक 03 रकबा 1.032 हेक्टेयर के अंश भाग पर रेलवे कंपनी द्वारा बिना अनुमति के अवैध रूप से रेत एवं गिट्टी का भंडारण किया गया था। मौके पर रेत की मात्रा 3722 घन मीटर और गिट्टी की कुल मात्रा 5727 घन मीटर पाई गई। मौके




पर उपस्थित एनपी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रेलवे कंपनी में कार्यरत श्री नंदकिशोर राठौर द्वारा बताया गया कि कंपनी के द्वारा रेलवे की तीसरी लाइन में मरामझिरी से धाराखोह का निर्माण कार्य किया जा रहा है एवं उक्त कार्य के लिए खनिज रेत एवं गिट्टी के भंडारण की कोई अनुमति नहीं ली गई है। उक्त खनिज मात्रा को जप्त कर अवैध भंडारण कर्ता के विरुद्ध मध्य प्रदेश खनिज अवैध खनन परिवहन तथा भंडारण का निवारण नियम 2022 के तहत कुल शास्ति की राशि 3 करोड़ 45 लाख 74 हजार 700 रूपए प्रस्तावित किया जाकर प्रकरण न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है। इसके अलावा 9 जून को खनिज अमले ने बिना रॉयल्टी के मुरुम के अवैध परिवहन करते हुए एक डंपर क्रमांक एमपी 48 एच 1063 को खेड़ी सावली गढ़ के पास जप्त किया गया। जिसे पुलिस की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। वहीं 10 जून को मुलताई और बैतूल क्षेत्र से दो डंपर क्रमशः यूपी 93 डीटी 1523 और एमपी 48 एच 1242 को गिट्टी/ मुरुम का अवैध परिवहन करते पाया गया, जिसे खनिज अमले ने जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। उपरोक्त सभी प्रकरणों में मध्य प्रदेश खनिज अवैध खनन परिवहन तथा भंडारण का निवारण नियम 2022 के तहत कार्यवाही प्रस्तावित किया जाकर न्यायालय अपर कलेक्टर में प्रकरण प्रस्तुत किया जा रहा है।



आदरणीय

राजेश जी दंडोतिया जी को रणजीत टाइम्स की और से अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाए



आदरणीय

जिला पंचायत सदस्य

दिलीप जी पटेल को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाए समस्त जिला पंचायत सदस्य

# जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम  जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!

अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।

टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

## श्री मद भागवत कथा मे रुकमणि मंगल का कार्यक्रम समपन्न"

छटवे दिन की कथा मे कथा व्यास आचार्य पंडित श्री रामेश्वर जी महाराज (अशोकनगर वाले ) के श्री मुख से महारास का वर्णन विस्तार से किया गया है । इसमे उन्होंने कहा गोपिया चार काम छोड़ के भगवान श्री कृष्ण के पास गयी ।। इन चारो कामो मे धर्म , अर्थ , काम और मोक्ष को छोड़ा । अर्थात गोपिया निष्काम भाव से भगवान के पास गई । व्यास जी ने बताया गोपी कोई स्त्री नहीं अपितु गोपी एक भाव है । गो का अर्थ - इंद्री , पी का अर्थ - पी गया अर्थात जिसने इंद्रियों को अपने वश में कर लिया । धर्म अर्थात सास ससुर की सेवा को त्यागा , अर्थ यानी गो दोहन को छोड़ा , काम अर्थात अपना अपना श्रृंगार कर रही उसे छोड़ा , मोक्ष यानी मंदिर की पूजा कर रही थी उसे छोड़कर बंसी की धुन सुनकर उपरोक्त सभी को छोड़कर महारास में सम्मिलित हुई । व्यास जी ने विरह गीत के माध्यम से गोपियों के विरह का वर्णन किया । भगवान शिव गोपेश्वर बनकर निधिवन में पधारे और रास में सम्मिलित हुए। कंस वध का प्रसंग सुनाया श्री कृष्ण 64 दिन सांदीपनि आश्रम में रहे और 64 दिन में 64 कलाएं ( विद्याए) सीखकर वापस मथुरा आए , फिर उद्धव को माध्यम बनाकर " प्रेम जगत में सार" का वर्णन किया । भगवान द्वारका पहुंचे द्वारका नगरी बसाई। कुंडलपुर में जाकर रुकमणी का विवाह संपन्न किया , विवाह का चित्रण भव्य बारत , गाजे - बाजे आतिशबाजी के साथ हनुमान मंदिर चौराहा से शुरू होकर कथा स्थल श्री गुरु गोरखनाथ मंदिर पर पहुंची । बारत का रास्ते में जगह-जगह नागरिकों द्वारा स्वागत किया । भगवान के पैर पखरइ हुई ।। कथा व्यास जी द्वारा कथा के दौरान गाए भजनों पर भक्तगण झूमते नजर आये।। बारत व भक्तों का सहभोज आयोजित हुआ और आरती के साथ कथा विश्राम हुई । कल दिनांक 12 जून 2025 को कथा का समापन होगा । कथा का समय प्रातः 9:00 से 12:00 तक रहेगा। उल्लेखनीय है कि संकादिक लोकाचार्य श्री श्री 108 महामंडलेश्वर श्री सीताराम दास जी महाराज के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में तथा श्री श्री 108 श्री महंत गुरु गोरखनाथ मंदिर श्री पवन दास जी महाराज के विशिष्ट तत्वाधान में कथा 6 जून से अनवरत चल रही है।। जिसमे प्रतिदिन महामंडलेश्वर एवं महंत जी द्वारा कथा व्यास व भागवत पुराण भगवान और तुलसी माता की पूजा अर्चन कर कथा का शुभारंभ किया जा रहा है। इस कथा का आयोजन श्री गुरु गोरखनाथ सेवा समिति एवं समस्त भक्तगणों के तन , मन , धन के विशेष सहयोग से आयोजित किया जा रहा हैं । जिसमे समस्त भक्तगणों के अपार उत्साह एवं उमंग से कथा को सजीव बनाया जा रहा है ।।

# स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाना है उद्देश्य–विधायक मेव रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न



दीपक तोमर

मंडलेश्वर।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की रोगी कल्याण समिति की बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विधायक राजकुमार मेव ने की। बैठक के पूर्व विधायक मेव ने निर्माणाधीन सिविल अस्पताल भवन का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने निर्माणाधीन भवन के कार्य को ठीक से करने के लिए कुछ सुझाव भी दिए। जिसमें निर्माण के दौर की गई कुछ त्रुटियों को लक्षित करते हुए विधायक के कहा कि अभी भवन निर्माणाधीन अवस्था में है, अभी से यदि भवन की दिवालो में दरारें आ रही है तो निर्माण में गुणवत्ता की कमी है। उसे निर्माण के दौरान ही दूर किया जन आवश्यक है। बीएमओ अतुल गौर को भी निर्देशित किया कि जब तक भवन निर्माण संस्था उक्त खामियों को पूर्ण न करे जब तक भवन का पूर्णता प्रमाण पत्र जारी न करें। निरीक्षण के दौरान रोगी कल्याण समिति के सदस्य सतीश मोयदे, नप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि हरि गाडगे, मंडल अध्यक्ष डॉ देवेंद्र पाटीदार, मंजुला मेवाड़े, केंद्र प्रमुख स्वप्निल व्यापारी संघ अध्यक्ष भरत राठौड़ , श्रीवास्तव, भारती पटेल, केदार शुक्ला सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बैठक में जारी किए आवश्यक दिशानिर्देश:

रोगी कल्याण समिति की बैठक में विधायक राजकुमार मेव ने अस्पताल प्रबंधन द्वारा रखे गए एजेंडे के मुख्य बिंदुओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। जिसमें वर्तमान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर बिंदु निहित थे। विधायक मेव ने जानकारी देते हुए बताया कि चिकित्सालय में कुछ अव्यवस्थाएं थी जिन्हें सुधारने हेतु चर्चा की गई। कुछ कर्मचारियों के प्रभार भी बदले है। बैठक में अस्पताल में आने वाले मरीजों को निशुल्क उपलब्ध होने वाली दवाइयों के बाहर विक्रय होने की शिकायत भी सामने आई। तत्काल जांच के दौरान स्टॉक में दवाई कम भी पाई गई। इसके अलावा अस्पताल क्वार्टर में पात्र अधिकारी कर्मचारियों को स्थान नहीं मिलने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा, जिसके प्रतिउत्तर में विधायक मेव ने तत्काल प्रभाव से अपात्र कर्मचारियों को क्वार्टर खाली करवाने के दिशा निर्देश जारी किए। अस्पताल स्टाफ का आने वाले मरीजों के प्रति व्यवहार, डॉक्टरों द्वारा उचित इलाज, डॉक्टरों की उपस्थिति जैसे बिंदुओं पर भी ध्यान देने की बात विधायक मेव ने कही।